


# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

## एक व्यक्ति घायल, माड़ा थाना क्षेत्र के सखौहा गांव की घटना, घटनास्थल पर मची चीखपुकार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। माड़ा थाना क्षेत्र के सखौंहा सड़क मार्ग में आज दिन शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे मोटरसाइकिल एवं बेकाबू पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंच घायल को तत्काल उपचार के लिए रवाना किया।**





जानकारी के अनुसार ग्राम कर्सुआराजा कनपुरा टोला निवासी राममिलन शाह पिता पिबारू शाह उम्र 45 वर्ष अपने के अन्य साथी सुरेश विश्वकर्मा पिता रामसजीवन विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी रैला के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर बैढ़न तहसील से जमीन संबंधी न्यायालय से पेशी कर अपने घर तरफ जा रहे थे कि बंधौरा तरफ से तेज गति में आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 2443 ने सामने से टक्कर मार दिया। जहां मोटरसाइकिल में सवार राममिलन शाह उम्र 45 वर्ष की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं सुरेश विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि दोनों में इतनी तेज टक्कर थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गये। इधर घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग भी एकत्रित हो गये और माड़ा थाना थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंच घायल को तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया। वहीं मृतक के परिजन शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया। जिसके चलते सखौंहा सड़क मार्ग का आवागमन देर शाम तक बाधित रहा है। मौके पर तहसीलदार के अलावा बंधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल एवं खुटार चौकी प्रभारी शीतला यादव के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच स्थिति को नियंत्रण में करते हुये चक्काजाम करने वाले लोगों को समझाईस दी जा रही है।

### मृतक के परिजन मुआवजा के मांग पर अड़े



जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन सरिया लेकर बेकाबू गति से जा रहा था कि बाईक सवार को टक्कर मार दिया। हालांकि पुलिस ने पिकअप वाहन को जप्त किया है। बताया जाता है कि उक्त पिकअप वाहन मलगो निवासी रामविचारे साहू का है। इधर घटनास्थल पर मृतक के परिजन मुआवाजे के रूप में राशि दिलाने की मांग कर हैं। वहीं मृतक परिजनों के कुछ सदस्यों का कहना है कि राजस्व न्यायालय बैढ़न राममिलन न जाते तो शायद उनकी मौत न होती। पटवारी ने भूमि सीमाकंन में गलत किया है और उसी के चलते राजस्व न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसकी जांच हो और सीमांकन व राजस्व संबंधी प्रकरणों को ठीक कराया जाये।

### इनका कहना :-

पिकअप वाहन के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य युवक घायल हो गया है। घायल युवक का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। लोगों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया गया है। आरोपी चालके के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर तलाश की जा रही है।


**शिवपूजन मिश्रा**
टीआई, थाना माड़ा

# साझा चूल्हा के रसोइयों को 28 महीने से नहीं मिला मानदेय

## महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ा है साझा चूल्हा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 26 सितम्बर। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित साझा चूल्हा कार्यक्रम के रसोइयों को पिछले 28 महीने से मानदेय नही मिला है।**



जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी की लापरवाही का खामियाजा साझा चूल्हा कार्यक्रम समूह के रसोइयों को भुगतना पड़ रहा है। कई साझा चूल्हा कार्यक्रम के रसोइयों का आरोप है कि मानदेय देने में इतनी लेटलतीफी क्यों किया जाता है। किसी तरह पॉच सौ रूपये महीने में मिलता है, उसमें भी 28 महीने से इंतजार करना पड़ रहा है। रसोइयों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये लंबित मानदेय भुगतान कराये जाने की मांग की है।

### मानदेय बढ़ाने की उठने लगी मांग

स्व सहायता समूह साझा चूल्हा कार्यक्रम के रसोइयों का कहना है कि सरकार मानदेय के नाम पर मात्र पॉच सौ रूपये महीने भुगतान करती है। मानदेय मिलने में कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। साथ भोजन पकाने में तीन से चार घंटे का वक्त लगता है और सरकार 20 रूपये से भी कम रोजाना के हिसाब से भुगतान करती है। इस महंगाई के दौड़ में महीने में पॉच सौ रूपये में क्या होना है, इसे तो सभी भलीभाति जानते हैं। कम से कम रोजाना 300 रूपये की दर से मानदेय मिलना चाहिए। रसोइया कार्यकर्ताओं ने इस ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुये मानदेय बढ़ाये जाने की मांग की है।

## एक नजर में

### कांग्रेसियों ने कैबिनेट मंत्री का फूंका पुतला



**सिंगरौली।** कांग्रेस पार्टी के नेता व सांसद राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेसियों आज अम्बेडकर चौक बैढ़न में म.प्र. के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया। इस दौरान सीपी शुक्ला, रूपेश चन्द्र पाण्डेय, रामशिरोमणि शाहवाल, रामअशोक शर्मा, देवेन्द्र पाठक समेत भारी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### शिविर में सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण



**सिंगरौली।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सफाईमित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा उपकरण प्रदाय और नि:शुल्क दवाई वितरण का आयोजन अटल सामुदायिक भवन बिलौजी किया गया। शिविर में ननि में कार्यरत सफाईमित्रों और उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर के चिकित्सकों ने किया और आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाई का वितरण किया। वही शासकीय योजनाओं का लाभ सफाईमित्रों को सुनिश्चित हो इसके लिए आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक में नवीन खाते खुलवाने, पीएम स्वनिधि अंतर्गत पंजीयन के स्टाल लगाए थे, जिसमें सफाईमित्रों ने योग्यता अनुरूप लाभ प्राप्त किया।

# सरई पुलिस ने 24 घंटे में 3 अपहृत बालकों को दिल्ली से किया बरामद

## बच्चों को पाकर परिजनों के चहरे में आई मुस्कान

नवभारत न्यूज

**सरई 26 सितम्बर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत सरई थाना पुलिस ने 3 अपहृत बालकों को दिल्ली से बरामद करने में सफलता हासिल की हैं। 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर तीनों नाबालिकों को परिजनों को सौंपा है। बच्चों को पाने के बाद परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।**

बता दें कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान में अधिक से अधिक दस्तयाबी के लिए निर्देश प्राप्त होने पर एसपी मनीष खत्री के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सरई निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक बालको को 24 घंटे के अन्दर दस्तयाब किया गया है। सरई थाना प्रभारी जितेंद्र भदौरिया ने बताया कि 25 सितंबर को फरियादी विष्णु प्रसाद गुप्ता पिता स्व. रामनारायण गुप्ता उम्र 46 वर्ष निवासी सरई ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि इसका लड़का रमन कुमार गुप्ता उम्र 12 वर्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरई में कक्षा 8वीं में पढ़ता था, जहां 24 सितंबर को घर से स्कूल जाने को कहकर गया था, जो शाम 5-6 वजे तक घर वापस नहीं आया। जहां लड़के की पता तलाश आस-पड़ोस व रिस्तेदारी में की गई, जहां कोई पता नहीं चला। वहीं पता चला कि महेन्द्र जायसवाल का लड़का राकेश जायसवाल उम्र 14 वर्ष तथा सियाराम जायसवाल का लड़का बंसरुप जायसवाल उम्र 11 वर्ष, तीनों नाबालिक लड़के घर से बिना बताये कही चले गये हैं। नाते रिस्तेदारी, आस-पड़ोस में पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चला है। फरियादी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना अपहृत बालको की खोज तलाश की गई। जहां पता चला कि तीनों नाबालिक लड़के ट्रेन में बैठकर दिल्ली चले गये हैं। मुखबिर की सूचना व तकनीकी के माध्यम से प्रयास के बाद अपहृत तीनों नाबालिक बालको को 24 घंटे के अन्दर दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक सूरज सिंह, पवन सिंह, गुलराज सिंह, लक्ष्मीकांत साहू, हरिभजन सिंह, अनुराग मिश्रा, रामनिरजन वैश्य, रिंकू धाकड़, प्रशांत केशरी, तेजभान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ननि में दफ्तर को लेकर नेता प्रतिपक्ष व एमआईसी सदस्य आमने-सामने

## महापौर ने आयुक्त से दखल देने के लिए कहा, अध्यक्ष ने कहा आपस में दोनों बैठ कर करे बातचीत, मामला गरमाया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। नगर पालिक निगम सिंगरौली में नेता प्रतिपक्ष सीमा जायसवाल एवं एमआईसी सदस्य रूकमुन देवी के बीच दफ्तर को लेकर आमने-सामने हैं। हालांकि आज मेयर ने आयुक्त से चर्चा कर दफ्तर को खाली कराने के लिए कहा है।**



दरअसल एमआईसी सदस्य रूकमुन देवी का आरोप है कि नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सीमा जायसवाल द्वारा जबरन दफ्तर में कब्जा कर लिया गया है। जबकि नेता प्रतिपक्ष को नियम के तहत दफ्तर नही मिलना चाहिए। परंतु पार्षद सीमा जायसवाल ने जबरन एमआईसी सदस्य के दफ्तर में कब्जा कर लिया। आज इसी बात को लेकर महापौर रानी अग्रवाल ने निगमायुक्त सविता प्रधान एवं अध्यक्ष देवेश पाण्डेय समेत कुछ पार्षदों के साथ बैठक की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष के दफ्तर पहुंच अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि एमआईसी सदस्य को दफ्तर मिलना चाहिए और इसे खाली कराया जाएगा। इसके पूर्व महापौर ने उक्त मामले में नाराजगी व्यक्त की। वहीं नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य आपस में बैठ कर मामले को सुलझा ले। फिलहाल यह मामला काफी गरमाता जा रहा है और अब आयुक्त के निर्देश के बाद माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष का दफ्तर खाली कराया जा सकता है।

### नेता प्रतिपक्ष व एमआईसी सदस्य के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

नेता प्रतिपक्ष एवं बीजेपी पार्षद सीमा जायसवाल ने नगर निगम में अपना दफ्तर खोल लिया है। एमआईसी सदस्य रूकमुन देवी भी अपने दफ्तर में कब्जा से काफी नाराज हैं और वे महापौर के सहारे नेता प्रतिपक्ष के दफ्तर को खाली कराने के लिए अड़ी हुइ हैं। दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा हो रहा है। अब देखना है कि इसपर कौन भारी पड़ता है। हालांकि अभी भाजपा की सरकार है और नेता प्रतिपक्ष भाजपा से है और वर्तमान में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष है।

# नगरवासी वर्ग के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 26 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी पखवाड़ा उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।**



राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, सृजनशीलता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास करना है। इसी श्रृंखला में बीते दिन गुरूवार को नगरवासी वर्ग स्कूल, सीआईसीएफ, आईसीएच के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिसर स्थित डीपीएस स्कूल, डी-पॉल स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित अन्य शिक्षण संस्थानों एवं नगरवासियों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मौलिक एवं भावनात्मक रचनाओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों की कविताओं में राष्ट्रप्रेम, समाज की बदलती तस्वीर तथा हिंदी भाषा की महत्ता जैसे विविध विषयों का सुंदर समावेश देखने को मिला।




# बरगवां मार्ग में 4 बस समेत 9 ऑटो वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने आज बरगवां मार्ग में बिना परमिट के चल रही 4 बस सहित 9 ऑटो वाहन को जप्त कर कार्रवाई की है। इसमें स्कूल बसे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आरटीओ विक्रम सिंह राठौर एवं उनकी विभागीय टीम ने आज बरगवां मार्ग में वाहनों को चेकिंग किया। जिसमें 4 बस व 9 ऑटो वाहन बिना परमिट के चलते पाये गये। वहीं वाहनों से 70 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

# खनिज राजस्व की वसूली में सिंगरौली फिर से ऊंचे पायदान पर

## अगस्त महीने तक 188 करोड़ रूपये के विरूद्ध 1678 करोड़ रूपये का किया राजस्व वसूली, अवैध भण्डारण, परिवहन के 109 प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। खनिज विभाग ने अगस्त अंतिम महीने तक खनिज राजस्व की वसूली करने में टॉप पर रहा है। निर्धारित लक्ष्य से करीब 190 करोड़ रूपये से अधिक वसूली किया है। इस वसूली के बाद सिंगरौली खनिज विभाग प्रदेश के ऊचे पायदान पर अग्रसर हैं।**



कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के सतत प्रयास एवं जिले में पदस्थ सहायक खनि अधिकारी एवं खनि निरीक्षक द्वारा अनवरत निगरानी से खनिज विभाग सिंगरौली द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए माह अगस्त 2025 तक की स्थिति में निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्य राशि 1488 करोड़ के विरुद्ध माह अगस्त की समाप्ति तक राशि 1678 करोड़ की वसूली कर ली गई है। जहां निर्धारित खनिज राजस्व लक्ष्य से राशि 190 करोड़ अधिक है। यहां बताते चले कि जिले में गत वर्ष 2024-25 के माह अगस्त 2024 तक राशि 1421 करोड़ की वसूली की गई थी। फिलहाल वर्तमान वर्ष 2025-26 में गत वर्ष 2024-25 की तुलना में राशि 257 करोड़ अधिक की वसूली की गई है। वहीं बताया गया कि अगस्त उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के माह अप्रैल से माह तक की स्थिति में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के विरुद्ध की गई सतत जांच एवं निगरानी के परिणामस्वरुप कुल 109 प्रकरण दर्ज किये गये। उक्त 98 प्रकरणों के निराकरण के उपरान्त राशि 0.69 करोड़ अर्थदण्ड की वसूली की गई। ज्ञात हो कि उपरोक्त राजस्व में रेत खनिज से प्राप्त होने वाली रायल्टी राशि शामिल नही हैं। सिंगरौली जिला समूह के निविदाकार मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमि. द्वारा वर्ष 2023 में प्राप्त की गई निविदा अनुसार वर्ष 2025-26 में रेत खनिज की निविदा की राशि 68 करोड़ म.प्र. राज्य खनिज निगम को प्रदाय किया जावेगा।

# एक ही स्थान पर मतदाता सूची में रहेगा नाम : चन्द्रशेखर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में मतदाता सूची के गहन पुनिरीक्षण के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।**



बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही निर्वाचक नामावली के गहन पुनिरीक्षण का कार्यक्रम निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया जाना है। जिसमें बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं को सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन उपरांत छूटे हुए मतदाताओं का नाम जिनके द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली गई है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जायेगा तथा ऐसे मतदाता जो निवासरत नही है उनका नाम निरसन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचक नामावली में मतदाता का एक स्थान पर ही नाम होना चाहिए, यदि मतदाता का नाम अन्य स्थानो में अंकित है तो उनका नाम निरसन किया जायेगा।



# हिंडालको रेनुसागर में 65 फीट का जलेगा रावण

नवभारत न्यूज

**अनपरा 26 सितम्बर।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुसागर में यूनिट हेड आरपी सिंह के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व की तैयारियाँ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ चल रही हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी रेनुसागर रामलीला समिति के अध्ययन नवींद्र पाठक ने बताया कि आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कॉलेज रेनुसागर के मैदान में विशाल रावण के पुतले का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी ऊँचाई लगभग 65 फीट होगी। आयोजन समाज को यह संदेश देता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंतत: अच्छाई की ही विजय होती है।

# सेवा प्रदाताओं एवं भतीजे से यूपीआई के लेनदेन में घिरे उप पंजीयक

## मामला पकड़ा तूल, आईजी पंजीयक मुद्रांक तक पहुंची शिकायत, एक साल में लाखों रूपये का हुआ है लेनदेन, भाजपा सरकार में सब जायज है

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 26 सितम्बर। सब रजिस्टार सिंगरौली की मुश्किले थमने का नाम नही ले रही हैं। उनके नित्य नये कारनामे सामने आ रहे हैं। अब फर्जी अटार्नी के बाद यूपीआई के माध्यम से कई सेवा प्रदाता व उनके रिश्ते के भतीजे ने कई बार उनके निजी बैंक खाता में राशि ट्रांसफर किया है।**

गौरतलब है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में संचालित उप पंजीयक दफ्तर विगत 8 वर्षो से किसी न किसी मामले को लेकर चर्चाओं में बना रहता है। सब रजिस्टार अशोक सिंह परिहार के काले कारनामे एक नही दर्जनों की संख्या में है। कई मामले की जांच भी चल रही है, तो कई मामलो के शिकायतो की जांच ठण्डेबस्ते में डाल दी गई है। सिद्धीखुर्द गांव के एक फर्जी पावर अटार्नी के मामले में दलाल सुमन कुमार सिंह पर धोखाधड़ी का मामला सासन पुलिस चौकी में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। वहीं यह मामला भी तूल पकड़ा है। इसमें फरियादी ने



सेवाप्रदाता सुनील सिंह चौहान एवं उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को भी लपेटे में लेते हुये पुलिस को दिये गये बयान में सनसनी खेज आरोप लगाया है। फरियादी के अनुसार पावर अटार्नी के माध्यम से सिद्धीखुर्द गांव के 60 ढिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराने में उप पंजीयक की भूमिका महत्वपूर्ण रही है और यह पावर ऑफ अटार्नी फर्जी निकली है। यह मामला अभी ठण्डा नही पड़ा था कि उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार पर एक और सनसनी खेज आरोप लगाये जा रहे हैं। यदि सूत्रों की बात माने तो सब रजिस्टार के बैंक खातों में पिछले वित्तीय वर्ष से लेकर अब तक अनेको यूपीआई के माध्यम से राशि जमा की जा रही है। यूपीआई के माध्यम से सब रजिस्टार के खाते में राशि ट्रांसफर करने वालों में कुछ सेवा प्रदाता व उनके एक रिश्ते के भतीजा शामिल हैं। अब सवाल उठ रहा है कि सेवा प्रदाताओं व भतीजे से सब रजिस्टार किस बात के लिए बार-बार अपने बैंक खातों में राशि ले रहे हैं। इसे तो लेनदार व देनदार ही बता पाएंगे। इस लेनदेन के पीछे कौन सा रहस्य छुपा हुआ है, निष्पक्ष जांच से ही पता चल पाएगा। उधर बताते चले कि दो साल पूर्व इसी तरह के लेनदेन के शिकायत कलेक्टर के यहां की गई थी। जहां जांच अधिकारियों ने लीपापोती करते हुये उप पंजीयक को हरी झण्डी दे दिया था और कहा था कि उप पंजीयक ने उधार के रूप में रकम दिया था। उधार रकम देना भी साहूकारों के श्रेणी में आता है। वह भी अपराध है। लेकिन जांच अधिकारियों ने उप पंजीयक पर दयादृष्टि दिखाने में कोई कोर कसर नही छोड़ा था। अब उक्त रकम के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता राजेश सोनी ने कहा है कि इसकी निष्पक्ष जांच हो, आखिरकार इस लेनदेन के पीछे कारण क्या है और लेनदेन वालों से उप पंजीयक का क्या रिश्ता कहलाता है। यूपीआई से बार-बार लेनदेन पर सवाल खड़ा हो रहा है।